छह में से मात्र दो कचरा वाहन चल रहे

# कचरा वाहन के थम गए पहिएं

## नगर परिषद क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान





**छपारा नवभारत। एक बार फिर नगर परिषद की लापरवाहपूर्ण रवैए के चलते कचरा वाहनों के पहिए थम गए जिससे समस्त परिषद क्षेत्र के वार्ड वासी घरों से निकलने वाले कचरा नहीं फिकने के वजह से परेशान है।**

मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद में कचरा निपटान हेतु छह वाहन लिए गए थे जो पूरे नगर परिषद क्षेत्र से घरों से निकलने वाले कचरे से लेकर सब्जी,फल,से लेकर अन्य दुकानों से निकलने वाले कचरे का निपटान प्रतिदिन इन वाहनों से किया जाता था किंतु काफी लंबे समय से देखा जा रहा है कि धीरे-धीरे नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारीयो की लापरवाह पूर्ण कार्यप्रणाली के चलते छह वाहन से पांच हुए और वर्तमान समय में मात्र दो वाहनों से कचरा उठाने का काम किया जा रहा है। जिससे स्थिति यह है कि अब वार्डो में प्रतिदिन की जगह चार-चार दिनों में कचरा वाहन आ रहे, इससे आम लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है वहीं इस बरसात के मौसम में चार से पांच दिन घरों में कचरा रखना भी संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता हैं।

वहीं आसपास खाली प्लाट में कचरा फेंकने से वातावरण को दूषित करना है। वहीं सभी कचरा वाहनो को लेकर सूत्रों से जानकारी ली गई तो पता चला कि लगभग छह से सात माह से एक गाड़ी लखनादौन सुधरने गई, वहीं तीन गाड़ी छोटी छोटी खराबी के चलते खड़ी पाई गई जिनका मेंटेनेंस नहीं होने बंद हो गई इस तरह मात्र दो वाहनों से जितना कवर हो रहा उतने क्षेत्र से कचरा उठा रहे है। इस विषय पर जब सीएमओ गीता बाल्मीकि से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि समय समय पर सभी गाड़ीयों का रख रखाव किया जा रहा है किंतु जो वाहन चालक हैं वह भी लापरवाह पूर्ण तरीके से इन वाहनों को संचालित करते है जिससे आए दिन वाहन खराब होने की शिकायत मिलती हैं। वहीं एक दो दिन जल्द ही इस शिकायत को दूर कर सभी कचरा वाहन फिर से वार्डो में दौड़ने लगेंगे।

**समस्या का हो समाधान**

वहीं नगर वासियों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब छह में से कुछ कचरा वाहन ही चल रहे तो बाकी वाहन चालक से क्या काम लिया जा रहा, वहीं प्रतिमाह ऑयल फ्यूल के खर्चे में कमी आई की छह गाड़ी के हिसाब से खर्च हो रहा, साथ ही रख रखाव का भी खर्च भी प्रतिमाह हो रहा तो लंबे समय से पूरे छह कचरा वाहन क्यों संचालित नहीं हो रहे। साथ ही जल्द से जल्द कचरा के प्रबंधन की समस्या को हल करने की सभी वार्डो के नगर वासियों की ओर से अपील की गई है।



## आबादी क्षेत्र में गिरा बड़ी लाईन का बिजली तार

**11 केव्ही लाईन हटाये जाने की मांग**

**सिवनी नवभारत।** शहर के हड्डी गोदाम क्षेत्र में मंगलवार दोपहर मुख्य विद्युत लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर गया। घटना व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में हुई, लेकिन बिजली विभाग ने तुरंत संबंधित फीडर की आपूर्ति बंद कर दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

दोपहर करीब 1:15 बजे तार गिरते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने राहगीरों को सतर्क किया और बिजली विभाग को सूचना दी। इसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता वरुण सारस्वत ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पहले बिजली बंद की गई और मरम्मत के बाद आवश्यक परीक्षण कर आपूर्ति बहाल की जाएगी।

रहवासियों ने आबादी क्षेत्र से गुजरने वाले 11 केव्ही के पोलों को हटाने की मांग की है ताकि बड़ा हादसा ना हो सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी हड्डीगोदाम क्षेत्र में इन लाईनो की चपेट में आने से कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं।

## देश सेवा कार्यक्रम है उल्लास नवभारत साक्षरता



**बरघाट नवभारत।** प्रदेश के विकास के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरक्षरता उन्मूलन कार्यक्रम उल्लास नव भारत साक्षरता संचालित है जिसमे 15 साल से अधिक वो व्यक्ति जिसे पढ़ना लिखना नही आता है उनको साक्षर बनाने का कार्य किया जाता है । प्रदेश में माननीय राकेश दुबे जी के कुशल मार्गदर्शन वा समन्वय से प्रदेश में यह महत्वपूर्ण कार्य संचालित हो रहा है जिनके सरल व्यक्तिव ने हमेशा टीम में उत्साह वर्धन का कार्य किया है ।

संकुल सहसमन्वयक अरी में पदस्थ संजय तिवारी का मानना है की व्यक्ति को कोई न कोई व्यक्ति पढ़ाता लिखाता है इस प्रकार देखा जावे तो व्यक्ति के ऊपर एक ऋण होता है शिक्षा का ऋण । धर्म शास्त्र के अनुसार व्यक्ति इस दुनिया में सभी प्रकार के ऋण उतारने हेतु प्रयत्न करता है।

शासन द्वारा संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम ऐसा कार्यक्रम है जन्हा पढ़े लिखे व्यक्ति को इस कार्यक्रम से जोड़ कर शिक्षा का दान दिलवाया जाता है यह शिक्षा दान के लिए स्थान और समय का कोई प्रतिबंध नहीं होता है किसी भी स्थान किसी भी समय में यह कार्यक्रम में सहयोग करते हुए कार्यकर्ता प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे रहे है जिसके लिए उन्हें कोई भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त नहीं होता है इस प्रकार ही इस कार्यक्रम में कार्यरत संकुल सह समन्वयक अपने पैसों से पेट्रोल जलाकर भ्रमण कार्यक्रम संचालित करते हुए प्रदेश ,देश की सेवा कार्य कर रहे है ।

किसी भी देश की उन्नति के लिए उस देश के लोगो का पढ़ा लिखा होना बहुत आवश्यक होता है इस कार्यक्रम से जुड़े लोग इस शिक्षा दान कार्यक्रम से देश सेवा करते हुए अपने देश प्रदेश की उन्नति की अभिलाषा में लगे हुए है , पर कोई महान कार्य कार्य की सफलता के लिए लोगो का जन सहयोग बहुत आवश्यक है जिसके लिए जिला समन्वयक श्री रेवेंद्र ठाकुर जी बरघाट विकास खड़ स्त्रोत समन्वयक श्री दिनेश हनुमते जी, ब्लॉक समन्वयक श्री रक्षानंद झा जी लगातार प्रयास कर रहे है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम से जुड़कर प्रदेश ,देश सेवा में अपना योगदान दे सके । अरी संकुल अंतर्गत इस कार्यक्रम में 39 विद्यालय के प्रधान पाठक नोडल अधिकारी बनाए गए है ।इसके अलावा अन्य शिक्षक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है , हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चो को भी इस कार्यक्रम से जोड़ते हुए बच्चो को अक्षरसाथी बनाकर देश सेवा से जोड़ा गया है जिनके मार्गदर्शन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो इस बच्चो को मार्गदर्शन प्रदान करते है । इसके अलावा लगभग 172 अक्षरसाथी इस कार्यक्रम के लिए निशुल्क सेवा करते हुए शिक्षित समाज निर्माण में अपना योगदान दे रहे है । इस कार्यक्रम से जुड़े बच्चो की भावना है की जब वे विद्यार्थी होकर अपने प्रदेश और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे है तो प्रदेश में रहने वाले उनके पालक, जनप्रतिनिधि, किसान, व्यवसाय वाले अन्य कर्मचारी भी अपना थोड़ा योगदान इस शिक्षा दान कार्यक्रम में दे तो हम सब मिलकर अपने प्रदेश देश को उन्नत बनाते हुए शिक्षित समाज निर्माण के सपने जो जल्द पूरा कर सकते है ।

### एक नजर में

**रोड रोलर से कुचलकर 65 अवैध साइलेंसर किए नष्ट**

**सिवनी।** शहर में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिवनी पुलिस ने मॉडिफाइड एवं तेज आवाज वाले साइलेंसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले तीन माह में जब्त किए गए 65 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों को सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में रोड रोलर चलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी तथा यातायात प्रभारी विजय बघेल उपस्थित रहे। विशेष अभियान के दौरान यातायात थाना सिवनी ने 50 तथा कोतवाली थाना सिवनी ने 15 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए थे। दोनों थानों द्वारा जब्त किए गए सभी 65 साइलेंसरों को एक साथ नष्ट किया गया।

**नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 7 अगस्त तक**

**सिवनी।** नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा -2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 7 अगस्त 2026 तक नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट अथवा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल cbseitms.rcil.gov.in/nvs के माध्यम से किए जा सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

## सामूहिक श्री हनुमान चालीसा बाल स्वास्थ्य शिविर एवं जन्मोत्सव मनाया गया

**सिवनी नवभारत।** आज श्री महामाया हनुमान व्यायाम शाला में बाल स्वास्थ्य शिविर में सभी बच्चों का टेस्ट कर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए निर्देश दिए गए। इसके पश्चात (304वा सप्ताह) सामूहिक श्री हनुमान चालीसा आरती पूजन की गई एवं जिला फुटबाल संघ के सचिव एमके नेमा जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री रामदास ठाकुर जी राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर श्रीमती नीलम विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्वस्थ शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ पारस पटेरिया एवं टीम जिंदल हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर सुनील अग्रवाल शामिल हुए। डॉ अग्रवाल जी द्वारा बच्चो को स्वस्थ रहने की कला एवं श्री हनुमान जी का जीवन परिचय बताया डॉ पारस पटेरिया सभी बच्चो को मौसम संबंधी बीमारियों से सावधान कैसे रहना हे यह बताया गया। साथ ही श्री महामाया हनुमान व्यायामशाला के अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय उपाध्यक्ष वीरेंद्र राजपूत, नेमा आंटी, श्रीमती माधवी शर्मा मित्र दुर्गेश शुक्ला, गीताराम डेहरिया, राजेंद्र बोरकर, शिव शंकर डेहरिया संचालक राजकुमार उईके तन्मय यादव अमन कुशवाहा संजय शर्मा सहित सभी छोटे बच्चों ने श्री हनुमान चालीसा का वाचन किया।




## छींदा चौकी प्रभारी भारद्वाज को दी गई विदाई



**केवलारी नवभारत।** पुलिस चौकी छींदा के प्रभारी प्रमोद भारद्वाज के स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। श्री भारद्वाज के स्थान पर उप निरीक्षक पुलिस संजीव मिश्रा ने पुलिस चौकी छींदा का प्रभार गृहण किया है। गत 03 अगस्त को पुलिस चौकी परिसर छींदा में संध्या समय पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केवलारी आशीष भराडे, प्रीतम सिंह तिलगाम पुलिस थाना प्रभारी केवलारी, संजीव मिश्रा नवागत पुलिस चौकी प्रभारी छींदा,राजा बाबू शर्मा प्रधान आरक्षक,गुलाब कुमरे, प्रमिला ककोडिया, प्रखर सिरोहिया - पुलिस स्टाफ के अलावा छींदा ग्राम व क्षेत्र के सर्व श्री प्रदीप राय, कुंजबिहारी राय, रामकुमार राय, बंसोडी लाल शिवेदी, निरंजन झारिया, सुखराम, अजय राय, कलीम खान सरपंच, कुंवर चंद मोरिया, सुरेश राय, तुका झारिया, तालिब मंसूरी, सादिक मंसूरी आदि उपस्थित थे।

पुलिस चौकी छींदा के प्रभारी प्रमोद भारद्वाज के विदाई समारोह में एस.डी.ओ.पी.केवलारी आशीष जी,थाना प्रभारी केवलारी श्री तिलगाम और पत्रकार प्रदीप राय ने उप निरीक्षक पुलिस श्री भारद्वाज के कुशल व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ्य व सानंद रहने और उनके उज्जवल भविष्य की नेक कामना ईश्वर की।

गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस चौकी छींदा के प्रभारी प्रमोद भारद्वाज का स्थानांतरण सिवनी हो गया है और उनके स्थान पर उप निरीक्षक संजीव मिश्रा सिवनी को पुलिस चौकी छींदा प्रभारी के बतौर नियुक्ति की गई है।

## विद्यार्थियों को सरकार शालाओं में संसाधन उपलब्ध करा रही : विधायक



**सिवनी नवभारत।** बच्चों में संस्कार होना बहुत जरूरी है पढ़ने के दौरान अक्सर संसाधनों की कमी आती है लेकिन हमें अपने लक्ष्य से भयभीत नहीं होना चाहिए पहले पढ़ने वाले बच्चों को वह संसाधन नहीं मिल पाते थे और विषम परिस्थिति में अध्यापन करते थे लेकिन आज सरकार द्वारा बच्चों को सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराये रहे है सिर्फ बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना है तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन करना है इसी उद्देश्य से शाला में आज साइकिल वितरण की जा रही है। उक्त आशय की बात शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित साइकिल वितरण समारोह के अवसर पर विधायक दिनेश राय द्वारा व्यक्त किए गए।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य महेश गौतम द्वारा बताया गया कि इस शाला में लगातार छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ रही है जिसको देखते हुए यहां पर अब यह भवन छोटा पड़ने लगा है हम तो अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश देना चाहते हैं लेकिन हमारे पास उन बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त कमरे नहीं है वर्तमान में यहां पर लगभग 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं अगर यहां पर कुछ कमरों का निर्माण और हो जाता है तो यह संख्या 2500तक पहुंच सकती है वैसे तो शाला में अनेकों समस्याएं हैं लेकिन मुख्य रूप से यहां पर कामरों की ही कमी है प्रचाय द्वारा रखी गई मांगों को देखते हुए उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इस मांग को पूरा किया जाएगा

इस अवसर पर शिक्षक ओ पी शर्मा,पी पी पांडे ,देवेंद्र ठाकुर, अनिल सिंह राजपूत, गणेश पटले, श्रीमती संजू बोपचे, साक्षी बोरकर, श्री राम ठाकुर निकेलाल कड़िया सहित विधायक प्रतिनिधि मनीष मिश्रा पार्षद रवि शंकर भांगरे आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश शर्मा ने किया इस दौरान 34 छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया संक्षिप्त समय में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की संख्या एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर साल की वार्षिक पत्रिका दिव्यांजलि का विमोचन भी विधायक दिनेश राय मोनू मिश्रा एवं पार्षद रवि शंकर भागने की उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त प्राचार्य द्वारा किया गया।

## आधार पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश, बच्चों के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सोमवार को जिला ई-गवर्नेंस समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने जिला ई-गवर्नेंस समिति की वित्तीय प्रगति, जिले में स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क की स्थिति, विभिन्न शासकीय कार्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी, आधार पंजीयन की प्रगति तथा विभागवार उपलब्ध आधार पंजीयन मशीनों की सक्रियता की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ विभागों में उपलब्ध आधार पंजीयन मशीनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो रहा है। इस पर उन्होंने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आधार पंजीयन मशीनों को शीघ्र शत-प्रतिशत सक्रिय किया जाए।

## भक्ति संगीत की साधना का गौरवपूर्ण सम्मान

**पं. भजन श्री उपाधि से अलंकृत हुए अशोक अकेला, गुरु पूर्णिमा पर मिला विशिष्ट सम्मान**



**सिवनी नवभारत।** भक्ति संगीत की साधना, समर्पण और संस्कारों का जब सम्मान होता है, तो वह केवल एक कलाकार का नहीं, बल्कि पूरी संगीत परंपरा का सम्मान बन जाता है। विगत 25 वर्षों से भक्ति संगीत की अखंड साधना में रत सुप्रसिद्ध भजन गायक, संगीत संयोजक एवं भक्ति गीतों के रचनाकार श्री अशोक अकेला को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अनंत श्री विभूषित धर्म सम्राट श्रीमद् जगद्गुरु स्वामी श्री प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा पं. भजन श्री की सम्मानित उपाधि एवं सम्मान-पत्र प्रदान किया गया।

यह सम्मान अशोक अकेला के वर्षों के त्याग, तप, समर्पण और संगीत साधना का श्रेष्ठ प्रतिफल माना जा रहा है। भक्ति संगीत की दुनिया में उनका योगदान केवल गायन तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने संगीत संयोजन और अनेक भक्ति गीतों के लेखन के माध्यम से भी आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया है। उनकी मधुर वाणी और लोक शैली में प्रस्तुत देवी-देवताओं के भजन श्रोताओं के हृदय को सीधे स्पर्श करते हैं।

संगीत प्रेमियों का कहना है कि पं. भजन श्री की यह उपाधि किसी पद्म सम्मान से कम नहीं प्रतीत होती। यह सम्मान उन वर्षों की कठिन साधना का परिणाम है, जिसे अशोक अकेला ने विनम्रता और निष्ठा के साथ जिया है। सरल, स्नेही एवं विनम्र व्यक्तित्व के धनी अशोक अकेला की लोकप्रियता आध्यात्मिक जगत के साथ-साथ सामाजिक, राजनैतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में भी है।

उनकी कला और सहज व्यवहार ने हर वर्ग के लोगों को प्रभावित किया है। इस गौरवपूर्ण अलंकरण का समाचार मिलते ही संगीत एवं भक्ति जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई ।अशोक अकेला के परम स्नेही गुरु प्रसिद्ध मंच संचालक जुगल किशोर पांडे ने व्यक्तिगत बधाई सहित अन्य इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों और संगीत प्रेमियों द्वारा उन्हें निरंतर बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की जा रही हैं।

**आयोजन** | **पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में संगोष्ठी, वृत्तचित्र प्रदर्शन एवं प्रयोगशालाओं का नामकरण**

# डॉ . प्रफुल्ल चन्द्र राय की 165वीं जयंती पर भारतीय ज्ञान परंपरा का उत्सव




**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा भारत के महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एवं स्वदेशी आंदोलन के अग्रदूत आचार्य डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय की 165वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वाधान में रसायन शास्त्र विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भारतीय वैज्ञानिक परंपरा के विविध आयामों को निकट से जाना।

कार्यक्रम का शुभारंभ रसायन शास्त्र विभाग परिसर में स्नातक रसायन प्रयोगशाला का नाम महर्षि कणाद रसायन प्रयोगशाला तथा स्नातकोत्तर रसायन प्रयोगशाला का नाम आचार्य डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय रसायन प्रयोगशाला रखे जाने की घोषणा एवं नामपट्टिका अनावरण के साथ हुआ। इस अवसर पर विभागीय उद्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रुद्राक्ष तथा मधुकामिनी के पौधों का रोपण भी किया गया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के सभागार में मुख्य मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संध्या श्रीवास्तव ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व को विज्ञान और मानवता का संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती है। आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय का जीवन स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और वैज्ञानिक चेतना का अनुपम उदाहरण है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. सविता मसीह ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय का जीवन विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम. एस. बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाना समय की मांग है तथा डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय का व्यक्तित्व अनुसंधान, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्वितीय उदाहरण है। कार्यक्रम का संयोजन रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. रचना सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि इस संगोष्ठी के पूर्व 1 अगस्त 2026को रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर प्रदर्शन एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय के जीवन एवं योगदान पर अपनी जानकारी का परिचय दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. रचना सक्सेना, डॉ. श्रुति अवस्थी, डॉ. मुक्ता मिश्रा, डॉ. पी. के. चतुर्वेदी, डॉ. सोनाली जायसवाल, डॉ. नगमा निगार,डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. महेन्द्र परते एवं वर्षा कुल्हाड़े का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम में श्रीमती विमला भलावी, घनश्याम कुल्हाड़े, प्रवेश बघेल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल एवं स्मरणीय बनाया। संगोष्ठी के समापन अवसर पर पोस्टर प्रदर्शन एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, प्रभारी प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश**

विशिष्ट व्याख्यान में हिन्दी विभाग के डॉ. सत्येन्द्र शेंडे ने डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय के साहित्यिक व्यक्तित्व, उनकी लेखनी तथा राष्ट्रवादी चिंतन पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि वे विज्ञान एवं साहित्य दोनों क्षेत्रों के अद्वितीय व्यक्तित्व थे ।कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रसायन शास्त्र विभाग की डॉ. श्रुति अवस्थी द्वारा निर्मित आचार्य डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र राय पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन रहा। वृत्तचित्र में उनके जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों, बंगाल केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल वर्क्स की स्थापना, स्वदेशी आंदोलन में योगदान तथा भारतीय विज्ञान के विकास में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वयक डॉ श्याम सिंह रहंगडाले द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

## गुरु पूर्णिमा पर मेधावी छात्रा प्रीत पटले का सम्मान

**शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी ने प्रदान की 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि**



**बरघाट नवभारत।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरघाट में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 की प्रावीण्य सूची में प्रदेश में पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी प्रीत पटले, पिता श्री खड़ग पाल पटले, का शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी द्वारा सम्मान किया गया। छात्रा को कंपनी के विक्रय प्रतिनिधि निवास शर्मा ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र नाथ बिसेन ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जे. एस. मार्को, थाना प्रभारी श्री मोहनीश बैस तथा राष्ट्रीय कवि श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव चातक उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से आत्मीय स्वागत किया गया।

अपने उद्बोधन में श्री श्रीनिवास शर्मा ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रा प्रीत पटले की उल्लेखनीय सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी शिक्षा एवं प्रतिभा सम्मान की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. एस. मार्को ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन, सतत अध्ययन और कठिन परिश्रम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन और विद्यार्थी की लगन से ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते हैं।

इस अवसर पर कुमारी प्रीत पटले को 5100 की प्रोत्साहन राशि, सम्मान-पत्र, स्कूल बैग तथा शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी द्वारा प्रकाशित प्रेरणादायी पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार को दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक ओम नारायण बिसेन ने किया। समारोह के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट किया गया।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित यह सम्मान समारोह शिक्षा, संस्कार एवं प्रतिभा के सम्मान का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उपस्थित विद्यार्थियों के लिए उत्साह और प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुआ।